शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर
आंतरिक मूल्यांकन प्रश्नपत्र 2020–21
बी.ए प्रथम वर्ष
हिन्दी साहित्य द्वितीय

प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60–100 शब्दो में दीजिए । कोई 2

क. चीफ की दावत कहानी का प्रमुख उददेश्य क्या है ?
ख. पुरस्कार कहानी की नायिका कौन है ? उसके चरित्र की विशेषता बताइये ।
ग. उपन्यास और कहानी में प्रमुख अंतर बताइये ।

प्रश्न 2 निम्न लिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित अधिकतम 250शब्दों में व्याख्या कीजिए ।

पर बताने वालो ने बताया कि गरीब के मुँह पर छाती,मुट्ठी पर पैरो पर बरफ की हल्की–सी चादर चिपक गई थी मानो दुनिया की बेहयाई ढँकने के लिए प्रकति ने शव के लिए सफेद और ठण्डे कफन का प्रबंध कर दिया था।

अथवा

बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है। बूढ़ी काकी में जिह्वा-स्वाद के सिवा और कोई चेष्टा शेष न थी और न अपने कष्टों की ओर आकर्षित करने का, रोने के अतिरिक्त कोई दूसरा सहारा ही

प्रश्न. 3 ''वापसी'' **अथवा** ''बूढी काकी'' कहानी की तत्वो के आधार पर समीक्षा कीजिए।

प्रश्न 4 हिन्दी उपन्यास **अथवा** हिन्दी कहानी की विकास यात्रा पर संक्षिप्त लेख लिखिए।

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर
आंतरिक मूल्यांकन प्रश्नपत्र 2020–21
बी.ए प्रथम वर्ष
हिन्दी साहित्य प्रथम

प्रश्न.1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60–100 शब्दो में दीजिए । कोई 2

क. कबीर की साखी शबद और रमैनी शब्दों के अर्थ बताइए ।

ख. 'सूफी' शब्द का अर्थ बताते हुए किन्ही चार सूफी संतों के नाम लिखिए ।

ग. सूरदास की भक्ति की विशेषताएं बताइये ।

प्रश्न.2 निम्न लिखित गद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित 250 शब्दों में व्याख्या कीजिए

विलग जनि मानहु ,उधो प्यारे
वे मथुरा काजल की कोठरी जे आवहि ते कारे
तुम कारे सुफलकसुत कारे, कारे मधुप भँवारे
तिनके संग अति छवि उपजत कमल नैन मनिआरे
मानहु नील माट ते काढ़े ले जमुना जाइ पखारे?
ता गुन स्याम भई कालिंदी , सूर स्याम गुन न्यारे

अथवा

सतगुंरू की महिमा अनंत अनंत किया उपकार
लोचन अनत उघारिया अनत दिखावन हार
सतगुरू सांवा सूरमा शबद जु बाहया एक
लागत ही में मिलि गया पढा कलेजा छेक

प्रश्न.3 सूरदास का भ्रमरगीत निर्गुण पर सगुण की विजय का काव्य है ? उदाहरण देते हुए समझाइए।

अथवा

जायसी का नागमति विरह वर्णन अतिश्योक्तिपूर्ण है। कथन की पुष्टि में उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 4 कबीर समाज सुधारक है या कवि ।अपने कथन की पुष्टि में उदाहरण दीजिए।

अथवा

भक्तिकाल की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।